जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

23 सितंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया के वास्तुकला विभाग में ओणम उत्सव**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के वास्तुकला विभाग में भारत के लगभग सभी राज्यों के छात्र हैं और यह विविधता में एकता का एक समृद्ध उदाहरण है। इस भावना को जीवित रखते हुए, वास्तुकला एवं एकिस्टिक्स संकाय के छात्रों ने दिनांक 20 सितंबर, 2024 को संकाय भवन के प्रांगण में ओणम का विशेष उत्सव मनाया गया ।

ओणम वार्षिक फसल और हिंदू सांस्कृतिक त्योहार है जिसे मुख्य रूप से केरल के लोग मनाते हैं। केरलवासियों के लिए यह एक प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है और यह राज्य का आधिकारिक त्योहार है तथा इसमें अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में ओणम उत्सव की शुरुआत डीन प्रो कमर इरशाद और विभागाध्यक्ष प्रो तैयबा मुनव्वर के विचारशील शब्दों से हुई। तदुपरान्त कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रत्येक अतिथि को पायसम वितरित किया गया। इसके बाद दूसरे से पांचवें वर्ष के छात्रों द्वारा समूह नृत्य और उत्साही छात्रों द्वारा एकल प्रदर्शन किया गया।

छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़कर उक्त दिवस का भरपूर आनंद उठाया। इस मिलन समारोह के माध्यम से, विभाग का उद्देश्य विभिन्न कार्यक्रमों में नामांकित बाह्य छात्रों के लिए एक घरेलू माहौल उपलब्ध करना था। म्यूज़िकल चेयर, पॉट क्रैशिंग, स्पून लेमन रेस और बिस्किट बाइटिंग जैसे खेलों सहित मनोरंजक गतिविधियों की एक श्रृंखला के उपरांत छात्र आयोजकों द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया